## सार-समाचार

### नकदी हड़पने वाले दो गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। किसी अन्य की जमीन को स्वयं की बताकर पीडित को बेच लाखों की नकदी हडपने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।प्रकरण के अनुसार 22 मई को पीडित बालु पुत्र शंकरलाल निवासी भील बस्ती चंगेड़री फतहनगर ने बडगांव पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि आरोपी मुकेश पुत्र मांगीदास निवासी मावली, महेंद्र पुत्र रामलाल निवासी खडकजी का चौक किशनपोल व गोपाल पुत्र खेमा निवासी वालरा वल्लभनगर ने मुझे बताया कि भेरा पुत्र अमरा निवासी भुवाणा बडगांव अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की राजस्व ठााम अंबेरी की जमीन 16 लाख 50 हजार रूपये में बेचने की जानकारी दी। इस पर 7अक्टूबर को विक्रय इकरार कर नकदी का भुगतान कर रजिस्ट्री करवाई। कुछ समय बाद पता चला कि आरोपियों ने भेरा पुत्र अमरा की जगह अन्य फर्जी व्यक्ति को भेरा पुत्र अमरा बनाकर मेरे साथ धोखाधड़ी कर नकदी हडप धोखाधड़ी की। मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर बडगांव थानाधिकारी पूरणसिंह के नेतृत्व में एएसआई रणजीतसिंह मय टीम ने महेन्द्र उर्फ बबलु पुत्र रामलाल निवासी खडकजी का चौक खांजीपीर सूरजपोल को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर लिया। जिससे की गई पूछताछ में उसने भेरा पुत्र अमरा बनाने वाले रामा पुत्र खातु निवासी चौकडिया नाल फला बोभाटा नाई को गिरफ्तार किया।

### शपथ ग्रहण समारोह 3 को

उदयपुर, (कासं)। शहर के प्रमुख सामाजिक संगठन ओसवाल युवक परिषद् के नवनियुक्त कार्यकारिणी का प्रथम शपथ ग्रहण समारोह और एक शाम नाकोडा पार्श्व भैरव दादा के नाम भव्य ऐतिहासिक भक्ति संध्या का आयोजन 2 व 3 नवम्बर को ओपेरा गार्डन में होगा। परिषद् के अध्यक्ष अनिल जारोली ने बताया कि ओसवाल युवक परिषद् जैन समाज की नवनियुक्त कार्यकारिणी द्वारा दो दिवसीय कार्यकमों का आयोजन किया जा रहा है। 2 नवम्बर शाम को आयोजित कार्यकम के प्रथम दिन भव्य पार्श्व नाकोडा भैरव भक्ति संध्या और दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम होगा। जाएगा जिसमें युवा संगीतरत्न भजन सम्राट वैभव बागमार और स्वर कोकिला डॉ सीमा दफ्तरी के सुरों द्वारा भक्ति संध्या आयोजित होगी। 3 नवम्बर ओसवाल युवक परिषद् के कार्यकारिणी का प्रथम शपथ ग्रहण समारोह का होगा। कार्यकम के मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया और राज्यमंत्री राजस्थान गौतम दक होंगे।परिषद् के महामंत्री धीरज भाणावत ने बताया कि परिषद् के आगामी कार्यकमों के तहत ओसवाल क्रिकेट प्रीमियर लीग ओर रक्तदान महादान कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस दौरान प्रचार प्रसार मंत्री रोहित कोठारी, पंकज मेहता, दिलीप कोठारी, विजय दलाल, लवेश भंडारी, शौकीन पितलिया, अभिषेक मोगरा, शुभम जारोली, वैभव जारोली सहित कही पदाधिकारी मौजूद थे।

### सूने मकान को बनाया निशाना

मंडफिया, (निसं)। भदेसर उपखंड क्षेत्र के भालुंडी ठााम पंचायत के काहरों की ढाणी में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाया और घर में रखी सोने की दो रामनामी व एक चांदी का कंदोरा और नगदी ले उड़े।गृह स्वामी सिंघाड़े बेचने का काम करता है और वह पिछले 10 दिनों से परिवार सहित उदयपुर में ही रहकर सिंघाड़े बेच रहा था। परिवार जनों से चोरी की जानकारी मिली तो वह उदयपुर से कहारों की ढाणी अपने घर पहुंचा एवं चोरी की सूचना की जानकारी ली तथा भदेसर थाने में मामला दर्ज कराया। गृह स्वामी मदनलाल काहर पुत्र स्वर्गीय मांगीलाल काहर ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष वह सिंघाड़े बेचने का काम करता हैं तथा अभी भी दशहरे के पश्चात 15 तारीख को परिवार सहित उदयपुर सिंघाड़े बेचने चले गए एवं वहीं पर रहकर सिंघाड़े बेच रहे थे। घर पर उनके दो बच्चे जो की 11 वर्ष और 13 वर्ष के थे वह गांव में अपनी दादी के पास रह रहे थे। रविवार रात्रि को अज्ञात चोरों ने घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर के अंदर चार कमरों की तलाशी ली और घर में रखी दो रामनामी जिनका कुल वजन दो तोला एवं एक चांदी का कंदोरा जिसका वजन 500 ठााम था तथा घर में रखे बच्चों के लिए 6 हजार रुपए एवं अपनी माता के 10 हजार रुपए चोर ले उड़े। चोरी की सूचना भदेसर थाने में पहुंचकर दर्ज कराई।

### दो चेन स्नेचर गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। शहर के सविना थाना पुलिस ने महिला के गले से सोने की चेन छिनने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 3 अक्टूबर को राजकुमारी भावनानी ने सविना पुलिस थाने में रिपोर्ट दी । जिसमें उसने बताया कि मैं शाम को अपने धर से सकूटी लेकर माईनिंग कार्यालय के पिदे सेक्टर 13 स्थित संत्संग के लिए जा रही थी। जहां स्कूटी खडी कर रही थी। इसी दौरान बाइक पर आए दो बदमाशों मेंसे एक ने आकर गले से चेन छिन ली। मैंरे चेन पकड कर चिल्लाई तो आरोपी झपट्टा मार कर आधी चेन लेकर फरार हो गया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी अजयराजसिंह राव के नेतृत्व में गठित दल ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर शुभम पुत्र गबोपाल निवासी रेगरों का मोहल्ला जेकमपुरा नरेना दुदु, हेमान उर्फ अली पुत्र अहमद निवासी अखेगढ देवखेड़ा भीम राजसमंद हाल संतोषीमाता मंदिर विजयनगर रोड़ ब्यावर को गिरफ्तार किया।

### महिला से मोबाइल लूटा

डूंगरपुर, (निसं)। कोतवाली थाना क्षेत्र के शिवाजी नगर में अपने बच्चे के साथ पैदल जा रही महिला से मोबाइल लूट की वारदात सामने आई है। बाइक सवार 3 बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। पीडित महिला ने पुलिस को कोई रिपोर्ट नहीं दी है। देवल गांव निवासी मीनाक्षी हडात ने बताया कि वह आयुर्वेदिक अस्पताल में ड्यूटी के बाद अपने दो साल के बच्चे को गोद में उठाकर पैदल ही घर लौट रही थी। मीनाक्षी ने बताया कि जब वे कुछ दूर शिवाजी नगर माताजी चौक के पास पहुंची। उसी समय पीछे से 3 बदमाश बाइक पर आए। बदमाशों ने अचानक झपट्टा मारते हुए हाथ में पकडा मोबाइल छीन लिया और तेजी से बाइक को भगाते हुए फरार हो गए। पीडिता ने मौके से किसी राहगीर के फोन से पति दीपक को सूचना दी। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड जमा हो गई। पीडिता की ओर से पुलिस को अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है।

### धोखाधड़ी का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने इकरार कर अन्य को जमीन बेच कर पीडित के साथ धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित मो. शकील पुत्र मोईनुद्दीन निवासी मैनरोड़ मढ की हवेली मोती चोहट्टा ने आरोपी नरेशगिरी पुत्र देवागिरी, कृष्णपुरी पुत्र अर्जुनपुरी निवासी आयुर्वेदिक चिकित्सालय के पास गोवर्धन विलास व उसकी बहन मधुबाला के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि आवश्यकता होने पर आठ लाख रूपये में गिरवी में भूखंड लेकर इकरार किया। कुछ समय बाद 33 लाख रूपये में बेचने का सौदा तय कर इकरार किया।

# शौचालयों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए : सांसद मेवाड


राजसमंद में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित दिशा की बैठक लेकर योजनाओं की समीक्षा करते जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा एवं जनप्रतिनिधि।

- योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से ही होगी विकसित भारत की परिकल्पना साकार : महिमा कुमारी

राजसमंद, (निसं)। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद महिमा कुमारी मेवाड की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी भी उपस्थित रहीं। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा ने बैठक का संचालन करते हुए प्रगति से अवगत कराया। बैठक में सांसद महिमा कुमारी मेवाड ने कहा कि जिले में सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति को सुधारने पर काम होना चाहिए। शौचालयों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। जब बाहर से पर्यटक आते हैं तो खराब सार्वजनिक शौचालयों से प्रतिकूल प्रभाव पडता है।

उन्होंने जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान कहा कि यह प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना है जिसके माध्यम से हर ग्रामीण घर तक नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। जल जीवन मिशन के कई काम पेंडिंग है जो शीघ्र से शीघ्र पूरा करें। अगर हमें रोज सुबह उठ कर कुंओं से पानी लाना पडे तो कैसा महसूस होगा। एक आम ग्रामीण महिला को वही महसूस होता है उसका दर्द समझें। अधिकारी बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील रह कर कार्य करें। सांसद महिमा कुमारी मेवाड ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना तब ही साकार हो सकती है जब सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ हेमंत बिंदल से जिले में जिला चिकित्सालयों, सीएचसी, पीएचसी, उप स्वास्थ्य केंद्रों तक की सुविधाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि चिकित्सक मरीजों के प्रति संवेदनशील रहें। मरीजों को अस्पतालों में आत्मविश्वास की अनुभूति हो। साथ ही सभी योजनाओं की जानकारी हो। मिड डे मिल और आंगनवाडी पोषाहार की समीक्षा करते हुए संसद ने गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया और कहा कि रेगुलर खाद्यान्न की जांच करें, गुणवत्ता में कोताही नहीं होनी चाहिए।विधायक दीप्ति माहेश्वरीविधायक दीप्ति माहेश्वरी ने भी बैठक में सभी विभागों से विकास संबंधी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि समस्त योजनाओं में अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति को लाभान्वित करें जिससे कि सरकार की योजनाएं सफल हो सकें। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार हर वर्ग के प्रति पूरी संवेदनशीलता से कार्य कर रही है। अधिकारी समन्वित रूप से प्रयास करते हुए योजनाओं को धरातल तक पहुंचाएं। बैठक में भीम प्रधान वीरम सिंह ने अपने क्षेत्र में चिकित्सा, पेयजल, सडक संबंधित शिकायतें रखीं। जिस पर सांसद ने संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में इन योजनाओं की हुई समीक्षा, शत - प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करने के दिए निर्देश बैठक में दीनदयाल अंत्योदय योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी और ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्या योजना, राजीविका, प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी), प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई), एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन कार्यक्रम, डिजिटल भारत भू अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई), प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान आदि की समीक्षा की गई। ऐसे ही समेकित बाल विकास योजना, बेटी बचाओ -बेटी पढाओ, मिड डे मील स्कीम, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, सुगम्य भारत अभियान की समीक्षा पर सांसद और विधायक ने सभी योजनाओं में शत -प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करने के निर्देश दिए।

### धारदार हथियार से किराणा व्यापारी की हत्या

उदयपुर, (कासं)। शहर के नाई थाना क्षेत्र में अज्ञात हमलावरों ने दुकान में घुस धारदार हथियार से किराणा व्यापारी की हत्या कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार नाई थाना क्षेत्र बडी उन्दरी निवासी पन्नालाल (45) की रविवार रात मेंअज्ञात हमलावर धारदार से हत्या कर फरार हो गए। पन्नालाल बडी उन्दरी में किराणा दुकान चलाता था एवं वहीं पर रहता था। पन्नालाल दो तीन दिन से बडी उन्दरी स्थित दुकान एवं मकान पर ही था एवं उसकी पत्नी भगवती नया खेड़ा मकान पर थी। घटना वाली रात में हमलावर चोरी कि नियत से घुस कर वारदात कर गए तथा गल्ले से करीब 20 हजार रूपये नकदी चुरा ले गए।


**बांसवाडा सहकारी उपभोक्ता थोक भण्डार लि. बांसवाडा**

धनतेरस व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाऐं

-33 वर्षो का शुद्धता का पुर्ण विश्वास, साथ ही "न्युनतम दाम" का वादा

साबुत काजु एवं सरस घी की मिठाईयॉ 500 ग्राम पैक मे GST सहित दर

| काजु कतली | काजु रोल | मक्खन बडा | बेसन बर्फी | बेसन बाईट | ड्रायफ्रुट खजुर लड्डु |
|---|---|---|---|---|---|
| 350 रू | 390 रू | 200 रू | 190 रू | 230 रू | 230 रू |

➢ स्थान:-भण्डार के सुपर मार्केट 1-न्यु क्लॉथ मार्केट 2-हाउसिंग बोर्ड 3-उदयुपर रोड, साथ ही उपभोक्ता सामग्री खरीदने पर 2 से 35 % छुट वर्ष भर। अय्यान ब्राण्ड पटाके कुशलबाग मैदान मे। सहकारी दवाघर से अग्रेजी/आर्युवैदिक दवाईयां खरीदने पर 12 % डिस्काउन्ट । स्टेशनरी रियायती दरो पर।

अल्का भारद्धाज
प्रशासक

योगेन्द्र सिंह सिसोदिया
महाप्रबंधक



**Regional office**
**Rajasthan State Pollution Control Board**
Choudhary Campus, Near Durga Petrol Pump, Dahod Road, Thikariya, Banswara
Email:- rorpebbanswara2021@gmail.com www.environment.rajasthan.gov.in

**पर्यावरण स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई के लिये आम सूचना**

विषय:- मैसर्स हर्षा ओर्स एंड मिनरल्स एम.एल.न. 06/1983 (क्षेत्रफल 24.80 हैक्टेयर) "सोपस्टोन माईनिंग प्रोजेक्ट", ग्राम घुघरा, तहसील देवल, जिला डूंगरपुर हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई।

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स हर्षा ओर्स एंड मिनरल्स एम.एल.न. 06/1983 (क्षेत्रफल 24.80 हैक्टेयर) "सोपस्टोन माईनिंग प्रोजेक्ट", ग्राम घुघरा, तहसील देवल, जिला डूंगरपुर उत्पादन परियोजना क्षमता 1104684 टन प्रतिवर्ष (रोम) का प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किया है तथा परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई बाबत आवेदन किया गया है।

2. और चूंकि मण्डल को उक्त परियोजना हेतु बन, पर्यावरण एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधि सूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 के अनुसार लोक सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है।

3. उक्त परियोजना से सबन्धित संक्षिप्त अभिलेख (कार्यकारी सारांश) निम्नाकिंत कार्यालयों पर उपलब्ध है:- 1) कार्यालय जिला कलक्टर, डूंगरपुर, 2) सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मुख्यालय-4, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर। 3) क्षेत्रीय कार्यालय वन, पर्यावरण एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ए-216, अरन्य भवन संस्थानिक क्षेत्र झालाना डुंगरी, जयपुर। 4) क्षेत्रीय कार्यालय वन एंव पर्यावरण मंत्रालय, केन्द्रीय भवन, 5 वां तल, सेक्टर एच, अलीगंज, लखनऊ (उ.प्र.), 5) मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, डूंगरपुर, 6) अतिरिक्त जिला कलक्टर, डूंगरपुर, 7) निदेशक, पर्यावरण विभाग, कमरा संख्या 8240 द्वितिय तल, उ-प (एसएसओ) भवन, सचिवालय, जयपुर। 8) क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, चौधरी कैम्पस, दुर्गा पेट्रोल पम्प के पास, दाहोद रोड, ठिकरिया, बांसवाड़ा (राज.)

अत: सर्वसाधारण को नोटिस के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परियोजना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति से सम्बन्धित लोक सुनवाई दिनांक 27.11.2024 (बुधवार) को प्रात: 11:30 बजे, राजीव गांधी सेवा केन्द्र घुघरा, ग्राम घुघरा, तहसील देवल, जिला डूंगरपुर में उपस्थित होकर अपने सुझाव / आक्षेप लिखित एंव मौख्कि प्रस्तुत कर सकते है

साथ ही इस सम्बन्ध में लिखित सुझाव/आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण, मण्डल, क्षेत्रीय कार्यालय, बांसवाड़ा में भी प्रस्तुत किये जा सकते है।

क्षैत्रीय अधिकारी
रा.प्र.नि.म. बांसवाड़ा


### एक नामांकन निरस्त

उदयपुर, (कासं)। विधानसभा उपचुनाव-2024 के तहत सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र में नामांकन पत्रों की संवीक्षा की गई। इसमें एक अभ्यर्थी का नामांकन निरस्त हुआ। नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर तक रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सलूम्बर विधानसभा उपचुनाव के तहत कुल 7 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। रिटर्निंग अधिकारी पर्वतसिंह चुण्डावत ने बताया कि सोमवार को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की गई। अविनाश मीणा का नामांकन पत्र निरस्त हुआ। भारतीय जनता पार्टी की ओर से शांतादेवी पत्नी अमृतलाल मीणा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से रेशमा मीणामीणा, भारत आदिवासी पार्टी की ओर जितेशकुमार कटारा, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) से शंकरलाल मीणा, आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया से केशुलाल तथा निर्दलीय डॉ सविता अहारी के नाम-निर्देशन पत्र वैध पाए गए।

### व्याख्यानमाला का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। कुंभ मेला संतों और मुनियों की साधना का केंद्र होता है, जहां वे विश्व के कल्याण के लिए समर्पित रहते हैं। उनके तप, साधना और आशीर्वाद से संपूर्ण समाज और संस्कृति में सद्भाव और शांति का संचार होता है।,यह बात हरिद्वार से आए साधक संत व शिक्षाविद डॉ आशीष गौतम ने सोमवार को यहां राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति सचिवालय सभागार में आयोजित प्रोफेसर बीएस गर्ग स्मृति तृतीय व्याख्यानमाला में मुख्य वक्ता के रूप में कही।

महाकुम्भ: भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता का वैश्विक प्रतीक, विषय पर आयोजित व्याख्यानमाला में उन्होंने कहा कि कुंभ मेले से जुडा पहला प्रसंग देवताओं और असुरों के संघर्ष और समर्पण पर आधारित समुद्र मंथन है। इस प्रसंग में देवता और दानव के बीच के भिन्न व्यक्तित्व और प्रवृत्ति का वर्णन किया गया, जहां असुर दुख का कारण बनते हैं और देवता अपने आनंद का त्याग कर दूसरों की प्रसन्नता में संतोष पाते हैं।

यह प्रसंग भारतीय समाज में देवत्व की भावना को प्रकट करने और उसे प्रेरित करने वाला है। इस प्रसंग का मुख्य उद्देश्य देवत्व का प्रतीक त्याग और राक्षसी प्रवृत्ति स्वार्थ को दर्शाना है। कुंभ मेला हमारी सनातन परंपरा को वैश्विक दृष्टिकोण देता है और इस पर्व में व्यक्ति का कर्तव्य आत्म-शुद्धि के माध्यम से मानवता की सेवा करना है। यह मेला केवल भारत के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए प्रेरणादायक बन चुका है, जो आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहर को जीवंत रखे हुए है। उन्होंने कहा कि 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के विशेष दिन संत और महात्मा एकत्रित होंगे और श्रद्धालुओं को अपने दर्शन मात्र से लाभान्वित करेंगे। व्याख्यानमाला की अध्यक्षता करते हुए जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति कर्नल प्रो. एसएस सारंगदेवोत ने कहा कि कुंभ मेला भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और मानवता का ऐसा पर्व है, जो समरसता,ज्ञान, और आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ हमारे जीवन को जोडता है।

यूनेस्को द्वारा इसे 'मानवता की अमूर्त विरासत' के रूप में मान्यता दी गई है, जिससे इसकी प्रासंगिकता और गहराई और भी बढ जाती है। उन्होंने कहा कि इस महापर्व का हर हिस्सा एक मंत्र के समान है।


**OFFICE OF GEJVI P.S. JHADOL, UDAIPUR**

DIS.NO.-GP GEJVI/2024-24/TENDER/2 DATE: 18/10/24

Gram panchayat Gejvi invites application for procurement of building materials for mgnarega and other scheme. Application can be uploaded on 03.10.24 till 06:00 pm. Details/information can be seen at sppp.rajasthan.gov.in and eprocurement.rajasthan.gov.in.

UBN NO. : ZUD2425A1159

SARPANCH
GP Gejvi

VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER
GP Gejvi


### यातायात सलाहकार व सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स की बैठक

बांसवाड़ा, (निसं)। जिला यातायात सलाहकार एवं सडक़ सुरक्षा टास्क फोर्स की बैठक जिला कलेक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव की अध्यक्षता में जिला कलेक्टर सभागार में हुई। प्रारंभ में जिला परिवहन अधिकारी ने स्वागत करते हुए विगत बैठक का कार्यवाही विवरण प्रस्तुत किया।

कलेक्टर डॉ. यादव ने पुलिस विभाग की ओर से जिले में गठित सडक़ दुर्घटना के संबंध में आई रेड पोर्टल पर नियमित रूप से डाटा एंट्री करने, ब्लेक स्पॉट चिह्निकरण करने एवं ओवर स्पीड, शराब पीकर वाहन चलाने, मोबाईल पर बात करने आदि प्रकरणों में वाहन चालक के लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही की जरुरत बताई वहीं अंबेडकर सर्कल से घाटोल मार्ग पर ठेला एवं व्यवसाय करने वाले लोगों के कारण गंभीर सडक़ दुर्घटना की संभावना के मद्देनजर पुलिस एवं नगर परिषद् को मिलकर नॉन वेंडिंग जॉन निर्धारित करते हुए ठेला व्यवसायियों को सडक़ से दूर बैठने के प्रबंध के लिये निर्देशित किया। इसी तरह खुले में माल परिवहन करने वाले भार वाहनों के खिलाफ पुलिस व परिवहन विभाग को कार्यवाही करने, जिले के एक मात्र सेंट पॉल स्कूल द्वारा बच्चों को लाने-लेजाने के लिये बाल वाहिनी का उपयोग नहीं होने से निजी वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने से दुर्घटना की संभावनाओं को देखते हुए स्कूल प्रशासन सेकार्यवाही करते हुए स्कूल के वाहन से ही बच्चों को लाने-ले जाने की व्यवस्था कराने के निर्देश देते हुए कहा कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो किसी भी प्रकार की सडक़ दुर्घटना घटित होने पर स्कूल प्रशासन की व्यक्तिगत आपराधिक जिम्मेदारी तय की जायेगी। जिला शिक्षाधिकारी को निजी शिक्षण संस्थाओं ने उनके अधीन चलने वाले समस्त बाल वाहिनी वाहनों की सूचना रखने तथा दस्तावेजों की वैधता के संबंध में शिक्षण संस्थाओं को निर्देश जारी करने को कहा।


Fax No.01476-230257 nagarpalika_Kapasan @yahoo.com

**कार्यालय नगर पालिका कपासन जिला चित्तौड़गढ़ ( राजस्थान )**

क्रमांक/न.पा.क./तामीर/2024-25/393 दिनांक 28.10.2024

**उजरदारी सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नगरपालिका कपासन क्षेत्र में निम्नांकित व्यक्ति द्वारा स्वामित्व दस्तावेज के रूप में पट्टा / रजिस्ट्री, ब्लू प्रिन्ट नक्शा की प्रतियां इत्यादि प्रस्तुत कर हस्तान्तरण/ तामीर (निर्माण स्वीकृति) चाही है। इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था या आस-पडौस को कोई आपत्ति हो तो वह लिखित रुप में मय साक्ष्यस्वरुप दस्तावेज के 7 दिवस में पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर दें मियाद गुजरने पर कोई भी आपत्ति काबिले समाअत नहीं होगी। "सूचित हो" निम्नांकित आवेदक के संबंध में अन्य जानकारी एवं मौके का नक्शा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में उपस्थित होकर अवलोकन किया जा सकता है।

| क्र. सं. | नाम आवेदक | विक्रेता/पट्टाधारक का नाम | भूखण्ड स्थान | विशेषविवरण ( आवेदन ) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री नन्द किशोर सोनी पिता स्व.श्री सालिग राम सोनी | श्रीमती ललिता देवी पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार श्री राजेन्द्र कुमार पिता श्री जय लाल बोहरा | चुंगीनाका महावीर नगर के पास कपासन | हस्तानान्तरण व तामिर स्वीकृति |
| 2. | श्री अन्नु मंसूरी पिता श्री मुन्ना मंसूरी | श्री मुकेश सिरोया पिता श्री रतन लाल सिरोया | अर्पण नगर वार्ड नं.08 कपासन | हस्तानान्तरण व तामिर स्वीकृति |
| 3. | श्री आशीष , नितीन, विनित पिता श्री राजेन्द्र जैन | श्री मनीष उपाध्याय पिता श्री रामेश्वरलाल श्री जयन्त जोशी पिता श्री राजेश जोशी | सौमानिया बाग रास्ता वार्ड नं. 04 कपासन | हस्तानान्तरण |
| 4. | श्रीमती अलका लाहोटी पत्नी श्री बसन्त कुमार | श्री अरूण कुमार पिता श्री चान्दमल बाघमार श्री नन्द किशोर पिता श्री सालिगराम सोनी श्री गणपत लाल पिता श्री परसराम स्वर्णकार श्री अशोक कुमार पिता श्री चांदमल बाघमार | सनसिटी वार्ड नं. 05 कपासन | हस्तानन्तरण व तामिर स्वीकृति |

**अधिशाषी अधिकारी,नगरपालिका,कपासन**



क्षेत्रीय कार्यालय
**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल**
एफ: 470,यू.सी.सी.आई. भवन के पास, मेवाड औद्योगिक क्षेत्र, मादडी, उदयपुर (राज.)
ई-मेल: rorpcbudaipur@gmail.com, फोन नं.: 0294-2491269

**पर्यावरण स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई के लिये आम सूचना**

विषय: श्री सत्यनारायण छीपा, एम.एल.न. 02/2022 ( क्षेत्रफल 1.9477 हैक्टेयर ) "क्वार्टज एवं फैल्सपार, ग्राम-बोडकी, तहसील-लसाडिया, जिला-सलूम्बर हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई ।

1. सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सत्यनारायण छीपा, एम.एल.न. 02/2022 ( क्षेत्रफल 1.9477 हैक्टेयर ) "क्वार्टज एवं फैल्सपार, ग्राम बोडकी, तहसील-लसाडिया, जिला-सलूम्बर प्रस्तावित परियोजना क्वार्टज एवं फैल्सपार माईन्स ( एम.एल.न. 02/2022, क्षेत्रफल 1.9477 हैक्टेयर ) उत्पादन परियोजना क्षमता 2,63,032 टन प्रतिवर्ष ( रोम ) का प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल ( यहां तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित ) के समक्ष प्रस्तुत किया है तथा परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई बाबत आवेदन किया गया है।

2. और चूंकि मण्डल को उक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 के अनुसार लोक सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है।

3. उक्त परियोजना से सम्बधित संक्षिप्त अभिलेख ( कार्यकारी सारांश ) निम्नांकित कार्यालयों पर उपलब्ध है:- 1 ) कार्यालय जिला कलेक्टर, सलूम्बर । 2 ) सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मुख्यालय - 4, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर । 3 ) क्षेत्रीय कार्यालय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ए-216, अरन्य भवन संस्थानिक क्षेत्र झालाना डूंगरी, जयपुर।4 ) क्षेत्रीय कार्यालय वन एंव पर्यावरण मंत्रालय, केन्द्रीय भवन, 5वां तल, सेक्टर एच, अलीगंज, लखनऊ ( उ.प्र. ) 5 ) मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, सलूम्बर। 6 ) उपखण्ड अधिकारी, लसाडिया, जिला-सलूम्बर। 7 ) निदेशक, पर्यावरण विभाग, कमरा संख्या 8240 द्वितिय तल, उ-प ( एसएसओ ) भवन, सचिवालय, जयपुर। 8 ) क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, एफ-470, मेवाड औद्योगिक क्षेत्र, मादडी उदयपुर( राज. )।

अत: सर्व साधारण को नोटिस के माध्यम से एतद्‌ द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परियोजना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति से सम्बन्धित लोक सुनवाई दिनांक 16.12.2024 ( सोमवार ) को प्रात: 11:30 बजे, ग्राम पंचायत, शोभजी का गुड़ा, ग्राम बोडकी, तह. लसाडिया, जिला-सलूम्बर में उपस्थित होकर अपने सुझाव/आक्षेप कोविड-19 कोरोना महामारी को ध्यान में एवं सामाजिक दूरी बनाए रखते हुए प्रस्तुत कर सकते है ।

साथ ही इस सम्बन्ध में लिखित सुझाव/आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर में भी प्रस्तुत किये जा सकते है ।

क्षेत्रीय अधिकारी


### पांच दिवसीय दीपोत्सव का आगाज आज से

डूंगरपुर, (निसं)। मंगलवार को धनतेरस के साथ ही पांच दिवसीय दीपमालिका महोत्सव प्रारंभ होगा और इन दिनों शहर के बाजारों में रौनक सी छा गई है। व्यापारियों ने दीपोत्सव के स्वागत में अपने प्रतिष्ठानों व बाजारों को दुधिया रौशनी से साज सज्जित किया है।

विगत एक सप्ताह से दीपावली को लेकर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जहां व्यापारिक वर्ग साफ सफाई के साथ अपने प्रतिष्ठानों को नया स्वरूप देने में लगा हुआ था। वही दूसरी ओर गृहणियां भी घर को साफ-सुधर कर लक्ष्मी को आमंत्रण देने के लिए तैयार बैठी थी। दीपोत्सव के तहत मंगलवार को धनतेरस के रूप में शुभ मुहुर्तो में धन की पूजा अर्चना की जायेगी। दूसरी ओर इस दौरान आम जन बाजारों में खरीददारी को भी अंजाम देगा। इन दिनों कपडा व्यवसाय, रेडिमेड, पटाखों की दूकानों, सर्राफा व्यवसायियों, तथा मिष्ठान भण्डारों पर खास भीड नजर नहीं आ रही है वही दूसरी ओर व्यापारियों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए बाजारों को दुल्हन की तरह सजाये भी है। वागड में परम्परा के अनुसार शादी की पहली दिवाली वाले युवक अपने ससुराल जाकर दिवाली आणे की रस्म पूरा करने में लगे हुए है तो दूसरी ओर इस जनजाति जिले के ग्रामीण जन जो कि आजीविका के लिए गुजरात, महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों से अपने घरों की ओर लौटना प्रारंभ हो गये है। धनतेरस को लेकर व्यापारियों ने प्रतिष्ठानों को खरीददारों के लिए तैयार कर रखें है। दीपावली पर डूंगरपुर शहर में स्थित महाराज मार्केट, शास्त्री कॉलोनी, प्रतापनगर चौराहा, न्यू मार्केट, सर्राफा बाजार, घुमटा बाजार को विशेष तौर पर आकर्षक ढंग से सजाया सवारा गया है।

